शीर्ष प्राथमिकता

संख्या-१२७/२०१६/२३१९/52-1-2016-01(131)I09

प्रेषक,

श्रीप्रकाश सिंह,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण, उत्तर प्रदेश,
इन्दिरा भवन, लखनऊ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1 लखनऊ, दिनांक ०६ सितम्बर, 2016

विषय-11वीं पंचवर्षीय योजनान्तर्गत मल्टी सेक्टोरल डेवलपमेण्ट प्रोग्राम के अन्तर्गत जनपद बदायूँ के सहसवान में स्वीकृत 02 छात्रावास सहित एक राजकीय पालिटेक्निक संस्थान के भवन निर्माण हेतु अतिरिक्त लागतवृद्धि की धनराशि अवमुक्त करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-1171/52-1-2011-02(एम0 एस0 डी0 पी0)/ 11, दिनांक 19 अप्रैल, 2011 एवं 2923/बावन-1-2012-02(एम0 एस0 डी0 पी0)/ 11, दिनांक 11 सितम्बर, 2012 का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें, जिनसे जनपद बदायूँ में उक्त राजकीय पालिटेक्निक का निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ, लि0 लखनऊ को कार्यदायी संस्था नामित करते हुए क्रमश: केन्द्रांश रू0 172.50 लाख तथा रू0 442.50 लाख अर्थात् कुल रू0 615.00 लाख प्रथम किश्त के रूप में और शासनादेश संख्या-10157/52-1-13-1(131)/09,दिनांक 02.12.2013 द्वारा उक्त राजकीय पालिटेक्निक के लिए अवशेष द्वितीय किश्त के रूप में प्राप्त केन्द्रांश रू0 6,15,00,000/- (रू0 छ: करोड पन्द्रह लाख मात्र) अवमुक्त किया गया था । प्रायोजना हेतु रू० 1230.00 लाख की धनराशि भारत सरकार द्वारा अनुमोदित की गयी है जिसमें सिविल कार्यों हेतु रू० 800.00 लाख तथा उपकरण व मशीनरी वाहन हेतु रू० 430.00 लाख की धनराशि अनुमन्य की गयी है ।

2- सिविल कार्यों के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था द्वारा लागतवृद्धि हेतु शासन को प्रस्ताव प्राप्त हुआ था, जिस पर प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा विचार करते हुए प्रायोजना की सिविल कार्यों हेतु पुनरीक्षित लागत रू० 1069.95 लाख अनुमोदित की गयी है।

Unicode Polytechnic G.O

http://bhasan.gov.up.nic.in

3- श्री राज्यपाल महोदय प्रायोजना की सिविल कार्यों हेतु उक्तानुसार पुनरीक्षित लागत रू० 1069.95 लाख की धनराशि पर प्रशासकीय एवं वित्तीय अनुमोदन प्रदान करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं ।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पंजी संख्या-ई-11-1277/दस-2016, दिनांक 19.08.2016 में प्राप्त सहमति से जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(श्रीप्रकाश सिंह)
सचिव।

संख्या (1)/बावन-1-2016 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- बजट अधिकारी, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- संयुक्त सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार 11वां तल, पर्यावरण भवन, सी0जी0ओ0 काम्पलेक्स लोधी रोड, नई दिल्ली।
5- प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन ।
6- निजी सचिव, मा0मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज को मा0मंत्री जी के अवलोकनार्थ।
7- निदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, कानपुर।
8- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ, लि0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत राजकीय पालिटेक्निक का समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण व उपकरण आदि की पूर्ति सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
9- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
10- जिलाधिकारी/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, बदायूँ।
11- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 को तीन स्वच्छ प्रति तथा वित्त-ई-11 को 01 प्रति।
12- लेखाधिकारी/वेब अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित कि उपरोक्त स्वीकृति अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
13- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(कलाम मुहीउद्दीन)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in